This question paper contains 4+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

5040

B.Com. (H)/II **C**

Paper XV—HINDI (A) हिंदी (क)

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी)

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

नोट : इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) वह कभी

विवेकानंद

कभी है रवि ठाकुर

P.T.O.

फिर कभी गूंजने लगती है

बनकर

गाँधी का गौरव-स्वर !

नि:शब्द निभृत में बहती है

यह धारा

भरकर कल-कल स्वर,

रूखे-सूखे

ऊँचे-नीचे

पृथ्वी के अंचल अपनाकर !

अथवा

धरती को बनाने में

उसको संवारने में

प्रकृति ने पुरुष ने

दी है –

अवधि युगों की नहीं

मन्वंतर की, कल्पों की

रातों दिन चिंता

और चिंतन और श्रम

और स्नेह

कितने विराट, भव्य,

अल्पों की, अनल्पों की । 5

(ख) कभी-कभी मुझे लगता है, मैं कोई दु:स्वप्न देख रही हूँ, और मेरे चारों ओर राक्षस और दानव घूम रहे हैं, कर्तव्यपरायण दानव ... तीनों राजा मेरे बच्चों को साथ लेकर यहाँ पहुंच गए हैं । जैसे मछली पकड़ने के लिए काँटे में छोटी मछली लगा दी जाती है, वे मेरे बच्चों को मेरे सामने लाकर मुझे प्रलोभन देंगे । सभी कर्तव्य के पक्के, सभी महामानव । तुमने मेरे यौवन की आहुति देकर अपनी गुरु दक्षिणा जुटाई है ।

अथवा

मैं तुम्हारे लिए केवल निमित्त मात्र थी । जब तुम मेरे सामने अनुनय-विनय कर रहे थे तब भी तुम झूठ बोल रहे थे । तुमने केवल एक ही व्यक्ति से प्रेम किया है और वह अपने आप से । पर मैं तुम्हें पहचानते हुए भी नहीं पहचान पाई । मैं सारा वक्त यही समझती रही कि गालव सच्ची साधना और निष्ठावाला व्यक्ति है । तुम भी गुरुजनों जैसे ही निकले, गालव .... । 5

2. 'कालजयी' के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए ।

अथवा

'' 'कालजयी' का कथानक इतिहास और कल्पना के मिश्रण से बना है ।'' विचार कीजिए । 8

3. राजा ययाति द्वारा माधवी का दान करने की घटना से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए ।

अथवा

'माधवी' की भाषा पर प्रकाश डालिए । 7

4. 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए :

(i) देवी सिंह कौन था ? उसने राजा नायक सिंह की सहायता किस प्रकार की ?

अथवा

राजा नायक सिंह कहाँ के राजा थे ? उन्होंने पालर जाने का निश्चय क्यों किया था ? 3

(ii) अलीमर्दान के सिंहगढ़ आने से कुंजर सिंह प्रसन्न क्यों नहीं था ?

अथवा

नरपति सिंह ने कुमुद के संबंध में गोमती को क्या निर्देश दिया ? 2

5. मानकीकरण की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

देवनागरी लिपि के मानक रूप पर प्रकाश डालिए । 5

6. एक अच्छे विज्ञापन की विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

संक्षेपण का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताएँ लिखिए । 5

7. किसी **एक** विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 5

(क) भूमंडलीकरण की प्रक्रिया

(ख) आई.पी.एल (क्रिकेट मैच) का रोमांच

(ग) आतंकवाद की चुनौती

(घ) लोकतंत्र में युवा शक्ति की भूमिका

8. द्विभाषिक कोश की उपयोगिता बताइए ।

अथवा

किन्हीं **पाँच** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 5

Client, Revenue. Memorandum. Allowance, Lease, Payee, Mortgage, Guaranty